पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भजमन बेहेरा): (क) से (घ) अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

राजस्थान ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड द्वारा घटिया किस्म की दवाओं का उत्पादन

2903. डा० अबरार अहमद खान:
श्रीमती सत्या बहिन:

क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकारी विश्लेषकों द्वारा राजस्थान ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड द्वारा विनिर्मित कौन-कौन सी दवाएं घटिया घोषित की गई; और

(ख) इस प्रकार की घटिया किस्म की दवाओं का उत्पादन किये जाने के क्या कारण है और इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भजमन बेहेरा): (क) और (ख) अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

कमला नेहरू अस्पताल इलाहाबाद में कैंसर वार्ड

2904. श्री सत्य प्रकाश मालवीय: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कमला नेहरू अस्पताल, इलाहाबाद में कोई कैंसर वार्ड है;

(ख) क्या इस वार्ड के रख-रखाव के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रतिवर्ष कोई आर्थिक अनुदान दिया जाता है, यदि हां, तो इस प्रकार कितनी धनराशि का अनुदान दिया गया है;

(ग) उसे पहले ही दिए गए अनुदान के अतिरिक्त पिछले दो वर्षों के दौरान दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इस संस्थान का केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रबंध ग्रहण किए जाने के संबंध में कोई मांग की गई है, यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाई की जा रही है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रशीद मसूद): (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान इस संस्थान को कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई है ।

(घ) इस अस्पताल का प्रबंध संभालने के सबन्ध में कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल की कर्मचारी यूनियन से एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है । इस अभ्यावेदन की जांच की जा रही है।

Award giving Function of DESU in a 5-Star Hotel

2905. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL:
SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether the Delhi Electric Supply Undertaking organised their award giving function in a posh 5-star hotel in the Capital recently;

(b) if so, how much expenditure DESU has incurred on this function:

(c) whether Government discourage the organising of any Government function in such hotels: and